AGLASEM.COM

MID TERM

SAMPLE PAPER

Practice Question Paper | Model Paper | Sample Question Paper

2024-2025

aglasem.com

अभ्यास प्रश्न पत्र
कक्षा -9
हिन्दी " " (002)

अधिकतम अंक : 80 **अवधि** : 3 घंटे

सामान्य निर्देश-

1- प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड- 'अ' और खंड- 'ब' में विभक्त है ।

2- खंड- 'अ' में कुल **49** वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए केवल **40** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3- खंड- 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

4- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

5- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड – अ

(अपठित अंश) **अंक-10**

1. नीचे एक अपठित गद्यांश दिया गया हैं। गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1x5=5**

स्वस्थ भोजन की आदतें जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। हम जानते हैं कि यह अरुचिपूर्ण हैं, लेकिन यह इस तथ्य को असत्य नहीं बनाता है। सौभाग्य से, हम पहले से अधिक अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत हैं। जिम, योग और नियमित व्यायाम अब हमारे जीवन का हिस्सा हैं, कम से कम हम में से बहुत से लोगों के लिए। जब हम खाने की अच्छी आदतों की बात करते हैं, तो कई बार हम भ्रमित हो जाते हैं। हम में से अधिकांश के लिए, भोजन शरीर को चलाने के लिए ईंधन होने के अलावा एक आनंद है। शरीर को जितनी जरूरत है, उससे ज्यादा खाना असामान्य माना जाता है। स्वस्थ खाने की आदतों का मतलब है कि आप अपने आहार में जंक फूड को हटाते समय अपने शरीर के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वों को संतुलित तरीके से शामिल करें। हर पोषक तत्व आपके शरीर को सुचारू रूप से चलाने में मदद करने में एक भूमिका निभाता है। उदाहरण के लिए, वसा और कार्बोहाइड्रेट लें, जो ऊर्जा प्रदान करते हैं। प्रोटीन जो एक अच्छी प्रतिरक्षा प्रणाली और क्षतिग्रस्त ऊतकों के पुनर्निर्माण के लिए मुख्य हैं और विटामिन, जिनमें से कई आपके शरीर के विष-सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट एंटीऑक्सिडेंट हैं। जब तक आप इन पोषक तत्वों को सही

docs.aglasem.com
aglasem.com

मात्रा में दैनिक रूप से नहीं लेते, तब तक आप अपने स्वास्थ्य के साथ न्याय नहीं कर सकते। स्वस्थ भोजन की आदतें शरीर को अच्छा प्रदर्शन करने और बीमारियों से दूर रहने में मदद करती हैं।

(i) शरीर को अच्छा प्रदर्शन करने और बीमारियों से दूर रहने में कौन मदद करती हैं**?**

(क) जंक फूड की आदतें

(ख) स्वस्थ भोजन की आदतें

(ग) बासी भोजन की आदतें

(घ) अश्वास्थ भोजन की आदतें

(ii) आप अपने स्वास्थ्य के साथ न्याय कैसे कर सकते है**?**

(क) पोषक तत्वों को नियमित लेकर

(ख) पोषक तत्वों को न लेकर

(ग) फास्ट फूड लेकर

(घ) कच्ची भोज्य सामग्री खाकर

(iii) हमारे शरीर को ऊर्जा कौन प्रदान करते हैं **?**

(क) वायु।

(ख) लवण।

(ग) वसा और कार्बोहाइड्रेट।

(घ) जल

(iv) हमारे जीवन में संतुलन के लिए क्या आवश्यक है**?**

(क) वाहन।

(ख) सड़क।

(ग) सभी पोषक तत्वों का संतुलन,

(घ) घर।

(v) शरीर को चलाने के लिए ईंधन होने के अलावा एक आनंद क्या है **?**

(क) दौड़ना।

(ख) सोना।

(ग) घूमना।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(घ) भोजन।

2. नीचे दो काव्यांश दिए गए हैं। किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1x5=5**

बार-बार आती है मुझको
मधुर याद बचपन तेरी।
गया ले गया तू जीवन की
सबसे मस्त खुशी मेरी।

चिंता-रहित खेलना-खाना
वह फिरना निर्भय स्वच्छंद।
कैसे भूला जा सकता है
बचपन का अतुलित आनंद?

ऊँच-नीच का ज्ञान नहीं था
छुआछूत किसने जानी?
बनी हुई थी वहाँ झोंपड़ी
और चीथड़ों में रानी।

किये दूध के कुल्ले मैंने
चूस अँगूठा सुधा पिया।
किलकारी किल्लोल मचाकर
सूना घर आबाद किया।

(i) कवि ने किलकारी किल्लोल मचाकर क्या किया?

(क) खुद से ही संवाद किया।

(ख) असहयोग किया।,

(ग) सहयोग किया।

(घ) सूना घर आबाद किया।

docs.aglasem.com

(ii) कवि ने किससे कुल्ले किए**?**

(क) जल से।

(ख) दूध से।

(ग) तेल से

(घ) छाछ से।

(iii) कविता में चीथड़ो में कौन थी**?**

(क) गुड़िया।

(ख) सहपाठी।

(ग) रानी।

(घ) सखी।

(iv) कवि को किस का ज्ञान नहीं था **?**

(क) ऊपर- नीचे ।

(ख) ऊंच-नीच।

(ग) अगल-बगल।

(घ) धूप-छांव ।

(v) कवि को बार-बार मधुर याद किसकी आ रही है **?**

(क) मृत्यु की।

(ख) मिलन की।

(ग) जीवन की।

(घ) बचपन की।

अथवा

यह मुरझाया हुआ फूल है,
इसका हृदय दुखाना मत।
स्वयं बिखरने वाली इसकी
पंखुड़ियाँ बिखराना मत।

docs.aglasem.com

aglasem.com

गुजरो अगर पास से इसके
इसे चोट पहुँचाना मत।
जीवन की अंतिम घड़ियों में
देखो, इसे रुलाना मत।

अगर हो सके तो ठंडी
बूँदें टपका देना प्यारे!
जल न जाए संतप्त-हृदय
शीतलता ला देना प्यारे!!

(i) हृदय को जलने से बचाने के लिए कभी किस की जरूरत बता रहा है?

(क) आर्द्रता ।

(ख) ऊष्णता

(ग) पावनता।

(घ) शीतलता।

(ii) कवि अंतिम घड़ियों में क्या करने से मना कर रहा है?

(क) उठाने से।

(ख) गिराने से।

(ग) हसने से।

(घ) रुलाने से।

(iii) कवि कैसी बूंदे टपका ने की बात कर रहा है?

(क) गर्म।

(ख) ठंडी।

(ग) मीठी।

(घ) गुनगुनी।

(iv) कवि किसे न बिखराने की बात कर रहा है?

(क) ओस।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(ख) पानी।

(ग) पंखुड़ियां

(घ) फूल।

(v) कभी मुरझाया हुआ किसे कह रहा है **?**

(क) पौधों को।

(ख) फूलों को।

(ग) सूखी घास को।

(घ) हरी घास को।

(व्यावहारिक व्याकरण) **अंक-16**

3. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) "अपयश" शब्द में उपसर्ग है-

(क) अप,

(ख) अ।

(ग) अपम।

(घ) अपमा।

(ii) "अधि" उपसर्ग वाला शब्द है-

(क) अधिकार,

(ख) अधिक।

(ग) अधीर।

(घ) अधिक।

(iii)"फुसफुसाहट" शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-

(क) हट।

(ख) सनाहट।

(ग) आहट,

(घ) सन।

(iv) "इत" प्रत्यय वाला शब्द है-

docs.aglasem.com

aglasem.com

(क) प्रत्याशित।

(ख) सामाजिक,

(ग) सम्मानित।

(घ) अबाधित।

(v) "निराकरण" शब्द में मूल शब्द है-

(क) निर।

(ख) पराध।

(ग) राध।

(घ) अपराध,

4. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) "मानहीन" शब्द में समास होगा-

(क) द्विगु।

(ख) द्वंद्व।

(ग) तत्पुरुष,

(घ) कर्मधारय।

(ii) "पीताम्बर" समस्त पद का सही विग्रह होगा-

(क) नीला नभ।

(ख) पीला है जो अंबर,

(ग) नीलाकाश।

(घ) नीलगगन।

(iii) "चार पायों का समाहार" का समस्त पद होगा-

(क) चार शहर।

(ख) चार प्रहार।

(ग) चार पहरे।

(घ) चारपाई,

(iv) "द्वंद्व समास" का सही उदाहरण है-

docs.aglasem.com

aglasem.com

(क) सही-गलत,

(ख) सही।

(ग) गलत।

(घ) समान।

(v) "दस है आनन जिसके (रावण)" यह समास विग्रह किस समास का उदाहरण है-

(क) अव्ययीभाव।

(ख) द्विगु।

(ग) तत्पुरुष।

(घ) बहुब्रीहि,

5. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) "सरिता बाजार नहीं जाती है" अर्थ की दृष्टि से वाक्य होगा-

(क) विधानवाचक।

(ख) निषेधवाचक,

(ग) प्रश्नवाचक।

(घ) आज्ञावाचक।

(ii) "काश! रचना पुस्तक पढ़ती" अर्थ की दृष्टि से वाक्य होगा-

(क) इच्छावाचक,

(ख) संदेहवाचक।

(ग) विस्मय वाचक।

(घ) आज्ञावाचक।

(iii) प्रश्नवाचक वाक्य का सही उदाहरण होगा-

(क) अनु घूमने गया।

(ख) अनु घूमने नहीं गया।

(ग) क्या अनु घूमने गया?

(घ) काश! अनु घूमने जाता।

(iv) "मैं विद्यालय गया था" वाक्य का प्रश्नवाचक वाक्य में सही रूपांतरण होगा-

docs.aglasem.com

(क) काश! मैं विद्यालय जाता।

(ख) मैं विद्यालय नहीं गया था।

(ग) मैं विद्यालय क्यों गया था?,

(घ) मैं विद्यालय जाऊंगा।

(v) आज्ञावाचक वाक्य का सही उदाहरण होगा -

(क) आप यहां से चले जाइए।,

(ख) क्या आप जाना चाहते हैं?

(ग) आप क्यों जाना चाहते हैं?

(घ) आप कहां जाना चाहते हैं?

6. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) निम्नलिखित पंक्तियों में से रूपक अलंकार पहचानिए

(क) काली घटा का घमंड घटा।

(ख) शुभम को ढूंढ फिरत, कवि व्यभिचारी चोर।

(ग) नभ में चमचम चपला चमकी,

(घ) आए महंत वसंत।

(ii) यमक अलंकार का सही उदाहरण है-

(क) पाहुन ज्यों आए हो गांव में शहर के।,

(ख) देख लो साकेत नगरी है यहां।

(ग) सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका।

(घ) मनका मनका फेर।

(iii) निम्नलिखित मैं उपमा अलंकार होगा-

(क) फूलों के आस पास रहते हैं।
फिर भी कांटे उदास रहते हैं।

(ख) पीपर पात सरिस मन डोला।

(ग) मैया मैं तो चंद्र खिलौना लैहों,

(घ) मेघ आए बड़े बनठन के संवर के।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(iv) अनुप्रास अलंकार का सही उदाहरण है-

(क) कुटिल, कुचाल, कुकर्म छोड़ दें।

(ख) नाथ सकल सुख साथ तुम्हारे।

(ग) बरसत बारिद बूंद।

(घ) तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है,

(v) जहां एक शब्द के एक से अधिक आवृत्ति हो वहां कौन सा अलंकार होगा-

(क) यमक।

(ख) श्लेश।

(ग) उपमा।

(घ) अनुप्रास।

(पाठ्य पुस्तक) **अंक-14**

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1x5=5**

गाँव के इतिहास में यह घटना अभूतपूर्व न होने पर भी महत्त्वपूर्ण थी। बाल-सभा ने निश्चय किया, दोनों पशु वीरों को अभिनंदन पत्र देना चाहिए। कोई अपने घर से रोटियाँ लाया, कोई गुड, कोई चोकर कोई भूसी। दोनों मित्रों का जीवन में पहली बार ऐसा साबिका पड़ा कि सारा दिन बीत जाने पर भी उन्हें खाने के लिए एक तिनका भी न मिला था। उन्हें समझ ही नहीं आता था कि यह कैसा स्वामी है, इससे तो गया ही अच्छा था। कम से कम रूखा-सूखा तो देता ही था। यहाँ कई भैसें थीं, कई बकरियाँ, कई घोड़े, कई गधे पर किसी के सामने चारा न था। सभी जमीन पर मुर्दों की तरह पड़े थे।इनमें कई तो इतने कमजोर हो थे कि खड़े भी नहीं हो सकते थे। सारा दिन दोनों मित्र फाटक पर टकटकी लगाए ताकते रहे पर कोई चारा लेकर नहीं आया।

(i) जानवर वहां पर खड़े क्यों नहीं हो पा रहे थे **?**

(क) कमजोर होने के कारण।

(ख) परेशान होने के कारण।

(ग) असहाय होने के कारण।

(घ) मजबूत होने के कारण।

(ii) सभी पशु जमीन पर किसकी तरह पड़े थे **?**

(क) बीमारों की तरह।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(ख) अधमरों की तरह।

(ग) मुर्दों की तरह।

(घ) जिंदों की तरह।

(iii) सारा दिन दोनों मित्र कहां पर टकटकी लगाए ताकते रहे **?**

(क) छत पर।

(ख) आंगन पर।

(ग) दीवार पर।

(घ) फाटक पर।

(iv) यह घटना कहा के इतिहास में अभूतपूर्व न होने पर भी महत्वपूर्ण थी **?**

(क) शहर के।

(ख) कस्बे के।

(ग) गांव के।

(घ) नगर के।

(v) बालसभा ने क्या निश्चय किया **?**

(क) उनको घुमाने ले जाना।

(ख) उन्हें अच्छे से नहलाना धुलाना।

(ग) उनको अच्छा भोजन देना।

(घ) दोनों पशु वीरों को अभिनंदन पत्र देना।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1x2=2**

(i) ल्हासा की ओर पाठ में सर्वोच्च स्थान पर क्या था**?**

(क) डाँडे के देवता का स्थान था।

(ख) चीनी किला।

(ग) पहाड़।

(घ) सुनसान जगह।

(ii) ल्हासा की ओर पाठ में लेखक के घोड़े की क्या दशा थी**?**

(क) बहुत धीरे-धीरे चल रहा था।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(ख) तेज तेज चल रहा था।

(ग) भाग रहा था।

(घ) बैठ गया था।

9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए -।

1x5=5

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन॥
पाहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन।
जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन।
या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं।
आठहुँ सिद्धि नवौ निधि के सुख नंद की गाइ चराइ बिसारौं॥
रसखान कबौं इन आँखिन सौं, ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं।
कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं॥

(i) रसखान अगले जन्म में जन्म लेकर इनमें से क्या बनना चाहते हैं?

(क) नंद बाबा की गाय

(ख) बादल

(ग) यमुना नदी

(घ) राजा

(ii) रसखान किसके बदले तीन लोकों का सुख छोड़ना चाहते हैं?

(क) पूर्वजन्म में राजा बनने के लिए

(ख) श्रीकृष्ण के कंबल और लाठी के लिए

(ग) कंदब का वृक्ष बनने के लिए

(घ) इंद्र के सिंहासन के लिए

(iii) रसखान जी किस पहाड़ का पत्थर बनना चाहते हैं?

(क) हिमालय

(ख) विध्यांचल

docs.aglasem.com

aglasem.com

(ग) मैहर

(घ) गोवर्धन

(iv) कवि रसखान को किस स्थान से अधिक लगाव है?

(क) ब्रज से

(ख) मथुरा से

(ग) काशी से

(घ) प्रयागराज से

(v) लकुटि कमरिया पर रसखान क्या न्योछावर करना चाहते हैं?

(क) तीनों लोकों का राज पाठ

(ख) धन दौलत

(ग) खेत खलियान

(घ) प्रेम

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1x2=2**

(i) वाख कविता में कच्चे धागे की रस्सी की तुलना किससे की गई है?

(क) घोडे की रस्सी से।

(ख) सांसो से।

(ग) कुएं की रस्सी से।

(घ) जीवन से।

(ii) वाख कविता में नाव किसे माना गया है?

(क) पानी के जहाज को।

(ख) पानी के किसी जीव को।

(ग) जीवन को।

(घ) संसार को।

खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

(पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक) **20 अंक**

docs.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न **11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए। **2x3=6**

(क) कांजीहौस में क़ैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी? दो बैलों की कथा के आधार पर उत्तर लिखिए।

(ख) "उस समय के तिब्बत में हथियार का क़ानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ? ल्हासा की ओर पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ के "लेखक के अनुसार जीवन में 'सुख' से क्या अभिप्राय है?

(घ) "आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है ?

प्रश्न **12.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए। **2x3=6**

(क) "कबीर ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?

(ख) "ब्रजभूमि के प्रति कवि रसखान का प्रेम किन किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

(ग) वाख कविता में'रस्सी' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है और वह कैसी है?

(घ) वाख कविता में कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं?

प्रश्न **13.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए। **4x2=8**

(क) "आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से "इस जल प्रलय में" पाठ के आधार पर कुछ सुझाव दीजिए।

(ख) "इस जल प्रलय में" पाठ के आधार पर बताइए कि मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?

(ग) "बाढ़ की सही जानकारी लेने और बाढ़ का रूप देखने के लिए लेखक क्यों उत्सुक था ? "इस जल प्रलय में* पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

(रचनात्मक लेखन) 20 अंक

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **1x5**

(क) नियमित अध्ययन से लाभ"

संकेत-बिंदु-

भूमिका, नियमित अध्ययन के तरीके, नियमित अध्ययन में अभिभावकों का योगदान, नियमित अध्ययन की सीमाएँ , नियमित अध्ययन की उपयोगिता एवं उपसंहार।

(ख) "जल ही जीवन है"

संकेत-बिंदु-

docs.aglasem.com

aglasem.com

भूमिका, जल की उपलब्धता, जल का हमारे जीवन में महत्व, जल की उपयोगिता और उपसंहार।

(ग) "समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियॉ"

संकेत-बिंदु-

भूमिका, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियॉ क्या है, इन जिम्मेदारियों का निर्वाह क्यों आवश्यक है, यदि हम जिम्मेदारियॉ नहीं निभाएंगे तो क्या होगा , समाज को हम किस तरह संतुलित रख सकते हैं और उपसंहार

15. आप की कालोनी में गलियों की उचित सफाई और रखरखाव न होने के कारण दुर्घटनाएं हो रही है इससे बचाव के लिए नगर निगम अधिकारी को लगभग **120** शब्दों में एक पत्र लिखिए। **1x5**

अथवा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आपके देश में मनाए जाने वाले आयोजन के बारे में बताते हुए अपने भाई को लगभग **120** शब्दों में एक पत्र लिखिए।

16. हिंदी विषय की पुस्तकों की उपलब्धता के बारे में संबंधित अधिकारी से बातचीत करते हुए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक संवाद तैयार कीजिए। **1x5**

अथवा

वार्षिक खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के विषय में अपने सहपाठी से किए गए बातचीत पर लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक संवाद तैयार कीजिए।

17. "यातायात के नियमों का पालन" इस विषय पर लगभग **40** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। **1x5**

अथवा

"स्वस्थ रहना नियमित व्यायाम की आदतों पर भी निर्भर है" इस विषय पर लगभग **40** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

docs.aglasem.com

aglasem.com

Sample Papers

- CBSE Sample Papers
- ICSE / ISC Board Sample Papers
- AP Board Sample Papers
- Assam Board Sample Papers
- Bihar Board Sample Papers
- Chhattisgarh Board Sample Papers
- Goa Board Sample Papers
- Gujarat Board Sample Papers
- Haryana Board Sample Papers
- HP Board Sample Papers
- J&K State Board Sample Papers
- Jharkhand Board Sample Papers
- Karnataka Board Sample Papers
- Kerala Board Sample Papers

Sample Papers

- MP Board Sample Papers
- Maharashtra Board Sample Papers
- Manipur Board Sample Papers
- Mizoram Board Sample Papers
- Orissa Board Sample Papers
- Punjab Board Sample Papers
- Rajasthan Board Sample Papers
- Tamil Nadu Board Sample Papers
- Telangana State Board Sample Papers
- Tripura Board Sample Papers
- UP Board Sample Papers
- Uttarakhand Board Sample Papers
- West Bengal Board Sample Papers

